# कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में विस्थापन

स्रोत: द हिंदू

**संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (IOM)** ने हाल ही में **डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (DRC)** में आंतरिक विस्थापन में वृद्धि की सूचना दी, जो आश्चर्यजनक रूप से 6.9 मिलियन तक पहुँच गई।

- **उत्तरी किवु** के पूर्वी प्रांत में विद्रोही समूह **मौवेमेंट डू 23 मार्स (M23)** के साथ चल रहे संघर्ष के कारण लगभग दस लाख लोग विस्थापित हो गए हैं।

## कांगो में व्यापक विस्थापन में योगदान कारक कौन-से हैं?

- **DRC में संघर्ष:**
  - 1990 के दशक में वर्ष 1996 और वर्ष 1998 में **गृह युद्धों** के साथ शुरू हुआ DRC संघर्ष **1994 के रवांडा नरसंहार के बाद** और बढ़ गया था, जहाँ जातीय **हुतु (Hutu) चरमपंथियों ने लगभग दस लाख अल्पसंख्यक जातीय तुत्सी** और गैर-चरमपंथी **हुतु लोगों** को मार डाला था।
  - रवांडा की सीमा से लगे **पूर्वी DRC** को तब से **120 से अधिक विद्रोही समूहों (संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार)** के विद्रोह का सामना करना पड़ा है, जिससे तनाव और हिंसा बढ़ गई है।
    - क्षेत्रीय विवाद और संसाधन प्रतिस्पर्द्धा संघर्ष को बढ़ावा देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोग हताहत होते हैं।
  - नवंबर 2021 से **तुत्सी के नेतृत्व वाले M23 विद्रोही अभियान** के हालिया पुनरुत्थान ने सुरक्षा चुनौतियों को और बढ़ा दिया है, M23 आंदोलन ने **जनवरी 2023** से अब तक उल्लेखनीय प्रगति की है।
- **संघर्ष में प्रमुख हितधारक:**
  - उल्लेखनीय विद्रोही समूहों में M23 के अलावा **एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेस (ADF)** और **कोऑपरेटिव फॉर डेवलपमेंट ऑफ द कांगो (CODECO)** शामिल हैं।
    - ADF, **1999 से युगांडा** में एक विद्रोही समूह, ने वर्ष 2019 में इस्लामिक स्टेट के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा ली।
    - CODECO हेमास और कांगो सेना के विरुद्ध **जातीय लेंडु (Lendu) के हितों** की रक्षा करने के अपने मिशन पर ज़ोर देता है।
- **विस्थापन का कारण:**
  - **जातीय असहिष्णुता और विद्रोह:** रवांडा नरसंहार के बाद दो मिलियन हुतु शरणार्थी उत्तर और दक्षिण किवु में विस्थापित हो गए, जिससे जातीय मिलिशिया भड़क उठी तथा तनाव बढ़ गया।
  - **राजनीतिक अनिश्चितता और शासन संबंधी मुद्दे:** DRC के वर्तमान अध्यक्ष को चल रही असुरक्षा के बीच चुनावी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे **"स्वतंत्र, लोकतांत्रिक व पारदर्शी" वोट** की अखंडता खतरे में है।
  - **क्षेत्रीय तनाव: रवांडा, युगांडा तथा बुरुंडी** द्वारा समर्थित सशस्त्र समूह, प्रॉक्सी के रूप में कार्य करते हैं, जिससे संघर्ष की गतिशीलता एवं क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ जाती है।
  - **मानवीय संकट:** किवु सिक्योरिटी ट्रैक्टर ने वर्ष 2023 में **1,400 मौतों तथा 600 से अधिक हमलों** की रिपोर्ट दी है।
    - उत्तरी किवु, इतुरी तथा दक्षिण किवु में 1.1 मिलियन से अधिक लोगों को भोजन सहायता की आवश्यकता है, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया, विशेष रूप से वित्तपोषण की अपर्याप्त स्थिति है।

## DRC से संबंधित प्रमुख तथ्य क्या हैं?

- **अवस्थिति:**
  - DRC अफ्रीका का **दूसरा सबसे बड़ा** तथा विश्व का 11वाँ सबसे बड़ा देश है।
  - इसकी 37 किलोमीटर लंबी तटरेखा है तथा देश का आधे से अधिक भाग घने उष्णकटिबंधीय वर्षावन से ढका हुआ है।
- **राजधानी:**
  - **किन्शासा** DRC की राजधानी है जो **कांगो नदी** के समीप स्थित है।
- **सीमावर्ती देश:**

//

- **भाषाएँ:**
    - इसकी आधिकारिक भाषा फ्रेंच है, लेकिन अन्य बोली जाने वाली भाषाओं में **कितुबा, लिंगाला, स्वाहिली तथा शिलुबा** शामिल हैं।
- **मुद्रा:**
    - कांगोलीज़ फ्रैंक (CDF)।
- **प्राकृतिक संसाधन:**
    - यह प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। इसमें लकड़ी, तेल तथा गैस, सोना एवं हीरे, साथ ही कोबाल्ट व तांबा जैसे ऊर्जा संक्रमण के लिये महत्त्वपूर्ण खनिज शामिल हैं।
- **प्रमुख प्रजातियाँ:**
    - **बोनोबोस एवं पूर्वी निम्न भूमि गोरिल्ला** जैसे अनोखे वानर केवल कांगो में पाए जाते हैं।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***[illegible]:***

**प्रश्न1. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2022)**

| **देश** | **हाल ही में समाचारों में होने का महत्त्वपूर्ण कारण** |
|---|---|
| 1. चाड | चीन द्वारा स्थायी सैन्य बेस की स्थापना |
| 2. गिनी | सेना द्वारा संविधान और सरकार का निलंबन |
| 3. लेबनान | गंभीर और लंबे समय की आर्थिक मंदी |
| 4. ट्यूनीशिया | राष्ट्रपति द्वारा संसद का निलंबन |

**उपर्युक्त युग्मों में कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) केवल एक युग्म
(b) केवल दो युग्म
(c) केवल तीन युग्म
(d) सभी चारों युग्म

**उत्तर: (C)**

---

**प्रश्न 2 विश्व का लगभग तीन-चौथाई कोबाल्ट, इलेक्ट्रिक मोटर वाहनों के लिये बैटरी के निर्माण के लिये आवश्यक धातु, का उत्पादन किसके द्वारा किया जाता है? (2023)**

(a) अर्जेंटीना
(b) बोत्सवाना
(c) कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य
(d) कज़ाखस्तान

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (DRC) वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा कोबाल्ट उत्पादक है, जो कोबाल्ट के वैश्विक उत्पादन का लगभग 70 प्रतिशत हिस्से का उत्पादन करता है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

---

**प्रश्न 3 निम्नलिखित में से कौन-सा कांगो बेसिन का हिस्सा है? (2023)**

(a) कैमरून
(b) नाइजीरिया
(c) दक्षिण सूडान
(d) युगांडा

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- कांगो बेसिन छह देशों में व्याप्त है- कैमरून, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी एवं गैबॉन। **अतः विकल्प (a) सही है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/displacement-in-democratic-republic-of-congo